भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 312 | बिजौलिया - शुक्रवार, 22 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## पत्रकार कल्याण और सम्मान के लिए सरकार का अहम निर्णय

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान राशि में वृद्धि को मंजूरी

## अब मिलेगी 18 हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पत्रकार कल्याण, सम्मान एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पूर्णकालिक वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए सम्मान राशि को 15 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

शर्मा द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) ने राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना में संशोधन कर पूर्णकालिक वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों की सम्मान राशि में वृद्धि करते हुए इसे 18 हजार रुपये करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

डीआईपीआर द्वारा जारी राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना (संशोधन) नियम-2026 के अनुसार ऐसे पूर्णकालिक अधिस्वीकृत पत्रकार, जिन्होंने दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार पत्र, स्वतंत्र पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार एजेंसी में कम से कम 20 वर्षों तक सेवायोजन कार्य किया हो (दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार एजेंसी के संपादक, प्रकाशक व मालिक सहित) और जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, वे प्रतिमाह 18 हजार रुपये सम्मान राशि के पात्र होंगे।

**दिवंगत पत्रकार की पत्नी को भी मिलेगी पेंशन**

विदित है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्तीय वर्ष बजट 2026-27 में अधिस्वीकृत पत्रकारों की सम्मान राशि 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा की अनुपालना में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने यह अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के बाद वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के तहत लाभार्थी दिवगंत पत्रकार की पत्नी को मिलने वाली सम्मान निधि की राशि भी 7 हजार 500 रुपये से बढ़कर 9 हजार रुपये हो गई है।

## डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई

### साइबर थाना पुलिस ने 16.36 लाख रुपए कराए होल्ड, पीड़ित को लौटाए 13.46 लाख रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हुई लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विभिन्न बैंक खातों में 16 लाख 36 हजार 153 रुपए होल्ड करवाए तथा उनमें से 13 लाख 46 हजार 153 रुपए की राशि पीड़ित को रिफंड करवाकर बड़ी राहत प्रदान की है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार 32 लाख 75 हजार रुपए की डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अनुसंधान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान एवं निस्तारण दल हेमंत नोगिया के निर्देशन तथा साइबर थाना प्रभारी आयुष क्षोत्रिय के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक रामशरण के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस ने बताया कि प्रहलाद राय सोडानी (74) निवासी संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वे भीलवाड़ा डेयरी से लेखाकार पद से वर्ष 2010 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें 27 मार्च 2026 को एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जिसका उपयोग आपत्तिजनक संदेश भेजने में किया गया है। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से वीडियो कॉल कर खुद को सीबीआई जज एवं पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया गया।

ठगों ने डराकर 7 अप्रैल को प्रार्थी के बैंक खाते से 22 लाख 50 हजार रुपए तथा 10 अप्रैल को उनकी पत्नी सुशीला देवी की एफडी तुड़वाकर 10 लाख 25 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इस प्रकार आरोपियों ने कुल 32 लाख 75 हजार रुपए की साइबर ठगी की।

मामले में साइबर थाना भीलवाड़ा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान अधिकारी रामशरण द्वारा तकनीकी जांच करते हुए संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर राशि फ्रीज करवाई गई। इसके बाद 12 मई को न्यायालय से आदेश प्राप्त कर बैंकों के समन्वय से 13 लाख 46 हजार 153 रुपए पीड़ित के खाते में वापस जमा करवाए गए।

## ईमानदारी की मिसालः एमजीएच में होमगार्ड जवानों ने वृद्ध महिला का रुपयों से भरा खोया पर्स लौटाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**




महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में गुरुवार को मानवता और ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल सामने आई है।

अस्पताल में भर्ती अपनी बहू की देखभाल करने आई एक बुजुर्ग महिला का रुपयों से भरा पर्स परिसर में ही कहीं गिर गया था, जिसे अस्पताल में तैनात सतर्क होमगार्ड कर्मियों ने पूरी ईमानदारी के साथ बुजुर्ग महिला के परिवार को सुरक्षित सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, मारुति नगर निवासी कैलाश ओड की माताजी अपनी बहू का रखरखाव (देखभाल) करने के लिए महात्मा गांधी के चिकित्सालय आई थीं। इसी दौरान जल्दबाजी या अनजाने में उनका पर्स अस्पताल परिसर में ही कहीं गिर गया। उस पर्स में 10,000 रुपये की नकदी और छोटे-मोटे जेवरात थे। अस्पताल परिसर में गश्त और व्यवस्था संभाल रहे होमगार्ड कर्मी बालमुकुंद त्रिपाठी और पारसमल सोनी को यह लावारिस पर्स मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना महात्मा गांधी चिकित्सालय पुलिस चौकी को दी। दोनों जवानों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को खोला नहीं और सीधे पुलिस को सौंप दिया ताकि उसके असली मालिक की तलाश की जा सके।चिकित्सालय पुलिस चौकी के प्रभारी कृष्ण गोपाल की मौजूदगी में पुलिस और होमगार्ड जवानों ने तत्परता दिखाते हुए पर्स के मालिक का पता लगाया। इसके बाद बुजुर्ग महिला के पुत्र कैलाश ओड (निवासी मारुति नगर) को चौकी पर बुलाया गया। सभी सामान और 10,000 रुपये नकदी का मिलान करने के बाद, प्रभारी कृष्ण गोपाल के सामने होमगार्ड जवानों ने वह पर्स कैलाश ओड को सौंप दिया। अपना खोया हुआ पर्स और गाढ़ी कमाई के पैसे सुरक्षित पाकर कैलाश ओड और उनके परिवार ने राहत की सांस ली। पीड़ित परिवार ने होमगार्ड कर्मी बालमुकुंद त्रिपाठी, पारसमल सोनी और पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल का सहृदय आभार व्यक्त किया। अस्पताल परिसर में मौजूद अन्य लोगों ने भी दोनों होमगार्ड जवानों की इस ईमानदारी की जमकर सराहना की

## घटिया सड़क निर्माण पर भड़के विधायक गोपाल खंडेलवाल

### मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को लगाई फटकार, सड़क तोड़कर दोबारा बनाने के दिए निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए नगरपालिका क्षेत्र में निर्माणाधीन सीसी सड़क का औचक निरीक्षण किया। वार्ड संख्या 19 स्थित रावला चौक में बन रही सड़क में घटिया निर्माण सामग्री एवं अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जांच की।

ग्रामीणों ने विधायक को शिकायत दी थी कि सीसी रोड निर्माण में तय मानकों की अनदेखी की जा रही है तथा ठेकेदार द्वारा निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल बिना देरी किए निर्माण स्थल पहुंचे और मौके पर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल और संबंधित ठेकेदार को मौके पर बुलाया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए विधायक ने ठेकदार को जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि घटिया बनी सीसी सड़क को तुरंत खुदवाकर हटाया जाए तथा पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप नए सिरे से सड़क का निर्माण कराया जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा सामने आने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने सहित कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, महामंत्री मुकेश धाकड़, उमाशंकर वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**इनका कहना है**

'नगर में कई विकास कार्य चल रहे है , जनता के हक की गाढ़ी कमाई को भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। जो सड़क खराब बनी है, उसे खोदकर नए सिरे से मजबूत बनाया जाएगा। मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले सभी विकास कार्य पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ होने चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

**गोपाल खंडेलवाल, विधायक मांडलगढ़**

## उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

### भीलवाड़ा से मुंबई-दिल्ली के लिए ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की उठी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




सांसद दामोदर अग्रवाल के निवेदन पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति (ZRUCC) में मनोनीत सदस्य एवं भीलवाड़ा के टेक्सटाइल व्यवसायी प्रेमस्वरूप गर्ग ने जयपुर स्थित रेल भवन में आयोजित समिति की पहली बैठक में भीलवाड़ा से मुंबई एवं दिल्ली के लिए ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की जोरदार मांग उठाई।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक में राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और पंजाब क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ तीन सांसदों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान सदस्य प्रेमस्वरूप गर्ग ने कहा कि वर्ष 2006 में मीटर गेज के समय भी भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए दो रेलगाड़ियां संचालित होती थीं तथा मुंबई के लिए भी सप्ताह में तीन दिन दो ट्रेनों का संचालन होता था। वर्तमान में भीलवाड़ा देशभर में वस्त्र उद्योग के 'मैनचेस्टर' के रूप में पहचान रखता है और प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से करीब एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है। ऐसे में व्यापार एवं रोजगार के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लोगों का लगातार आवागमन रहता है, इसलिए ट्रेनों की संख्या बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने मुंबई के लिए पूर्व में संचालित तीन फेरों वाली साप्ताहिक ट्रेन को पुनः शुरू करने की मांग भी रखी। इसके साथ ही योगनगरी-उदयपुर एक्सप्रेस में भीलवाड़ा से यात्रियों का दबाव अधिक होने के कारण कंफर्म सीट नहीं मिलने की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। बताया गया कि सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा पूर्व में रेल विभाग को कोच बढ़ाने के लिए पत्र भी लिखा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान में ट्रेन में केवल 16 से 17 कोच लगाए जा रहे हैं, जबकि आवश्यकता अनुसार 24 कोच तक लगाए जा सकते हैं।

बैठक में ZRUCC सदस्य प्रेमस्वरूप गर्ग ने यह भी बताया कि उदयपुर से असरवा तक संचालित ट्रेन को अजमेर तक विस्तार देने के लिए भी सांसद द्वारा रेल मंत्रालय को पत्र भेजा गया है।

# तकनीकी ज्ञान से ही खेती बनेगी फायदे का सौदा : डॉ. प्रताप सिंह




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** कृषि विज्ञान केन्द्र शाहपुरा में आयोजित कृषि महोत्सव में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह ने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान और संतुलित उर्वरक उपयोग से ही खेती लाभ का सौदा बन सकती है।

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, कृषि प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं स्वरोजगार पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. आर.एल. सोनी ने प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कही, वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी.एम. यादव ने किसानों को नई तकनीकों से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में किसानों को अनाज भंडारण कोठियां एवं नेपियर घास प्रदर्शन सामग्री वितरित की गई। कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र की सजीव इकाइयों का अवलोकन कर पौधारोपण भी किया। महोत्सव में 88 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

# बीगोद अस्पताल का विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया औचक निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गुरुवार को बीगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बिजली संकट, स्थाई डॉक्टर की कमी और चिकित्सा कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्मिकों को फटकार लगाई।

विधायक ने मरीजों और परिजनों से बातचीत कर समस्याएं सुनीं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए। अस्पताल में स्थाई डॉक्टर नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल सीएमएचओ से दूरभाष पर वार्ता कर स्थाई प्रभारी डॉक्टर की नियुक्ति सुनिश्चित करवाई।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में लगे सोलर सिस्टम का लाभ नहीं मिलने और बिजली कटौती के समय मरीजों को परेशानी होने की बात सामने आई, जिस पर विधायक ने तुरंत इन्वर्टर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक के औचक निरीक्षण से अस्पताल की कई लंबित समस्याओं का मौके पर ही समाधान हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों और मरीजों ने राहत महसूस की।

# कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**सांवर वैष्णव ।** कस्बे में गुरुवार को भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव एवं हरिबोल प्रभात फेरी संगम का शुभारंभ हुआ। आयोजक जगदीश उपाध्याय ने बताया कि सालरिया रोड स्थित हनुमानजी मंदिर से शोभायात्रा एवं कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें 21 महिलाएं एवं युवतियां सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कलशयात्रा



ब्राह्मणों के चारभुजानाथ मंदिर पहुंची, जहां कथा वाचक कमलेश सिरोठा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक होगा। 27 मई को कथा पूर्णाहुति एवं 28 मई को हरिबोल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

# सरस डेयरी परिसर में शॉर्ट सर्किट से दूध टैंकर में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर की सरस डेयरी परिसर में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूध लेकर पहुंचे एक टैंकर में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने टैंकर की केबिन को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के दौरान डेयरी परिसर में मौजूद कर्मचारियों और लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर टैंकर खड़ा था, उसके पास ही घी का गोदाम स्थित था। ऐसे में आग के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ था। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र में भी दहशत का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर तेजी से काबू पाया, जिससे आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया।



फायरवूमेन रीना कुमारी ने बताया कि सरस डेयरी परिसर में ठेकेदार प्रभुलाल शर्मा का दूध टैंकर खड़ा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण उसमें आग लग गई। सिटी कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई। समय रहते आग पर नियंत्रण पाने से बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि टैंकर की केबिन पूरी तरह जल गई, लेकिन घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# संयम, आत्मचिंतन और सदाचार से ही जीवन होता है सार्थकः साध्वी मणिप्रभा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

स्थानीय शीतल भवन में आयोजित धर्मसभा में राजस्थान प्रवर्तिनी पूज्या गुरुणि श्रीयश कंवर जी मसा की सुशिष्या शीतल ज्योति मणिप्रभा जी मसा ने श्रद्धालुओं को धर्म, साधना एवं आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और सद्गुणों का विकास करना है। धर्म व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है तथा जीवन में शांति और संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति बाहरी उपलब्धियों की ओर अधिक ध्यान दे रहा है



जबकि वास्तविक सुख आत्मचिंतन, संयम और आध्यात्मिक उन्नति में निहित है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में सहनशीलता, विनम्रता और सदाचार को अपनाता है तो उसका जीवन सार्थक बन जाता है। मधुर व्याख्यानी सुमन प्रभा जी मसा ने कहा कि धर्म केवल शब्दों तक सीमित नहीं बल्कि व्यवहार में उतरने वाला आचरण है। आत्मचिंतन, सेवा और सकारात्मक सोच जीवन को नई दिशा देती है तथा मन में स्थिरता उत्पन्न करती है। वही तरुण तपस्वी रुचिकाश्री जी मसा ने कहा कि जीवन में संस्कार और अनुशासन का विशेष महत्व है। धर्म और गुरु मार्गदर्शन से व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। धर्मसभा के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया तथा साध्वीवृंद के संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# एडवोकेट कॉलोनी व पार्किंग समस्या को लेकर जिला कलेक्टर से मिला अभिभाषक संस्था का प्रतिनिधिमंडल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर एडवोकेट कॉलोनी एवं पार्किंग समस्या के समाधान की मांग उठाई।

संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष गोरानी, सह सचिव आदित्यसिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा वर्ष 2021 में ग्राम सांगानेर में नगर परिषद की 18 बीघा भूमि जिला एवं सेशन न्यायालय



के लिए आवंटित की गई थी। वर्तमान में न्यायालय को 62 बीघा भूमि आवंटित हो चुकी है, ऐसे में पूर्व में आवंटित 18 बीघा भूमि तथा आसपास की खाली सरकारी भूमि को अधिवक्ता कॉलोनी हेतु आरक्षित कर रियायती दर पर भूखंड आवंटित किए जाने की मांग की गई।

इस पर जिला कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि 18 बीघा भूमि को एडवोकेट कॉलोनी के लिए आरक्षित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी समस्या रखी। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पार्किंग निर्माण कार्य के चलते अधिकांश वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे आमजन का आवागमन बाधित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बनती है।

इस पर जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर एसपी आवास के सामने पार्क के पास स्थित स्थान को अस्थायी पार्किंग हेतु उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि जिला अभिभाषक संस्था सदैव अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करती रही है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# विधायक कोठारी के प्रयासों से एलिवेटेड रोड परियोजना को मिली गति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विधायक अशोक कुमार कोठारी के प्रयासों से गायत्री आश्रम से रिलायंस मॉल तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड परियोजना की डीपीआर तैयार करने हेतु इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड (ईपीआईएल), नई दिल्ली को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। करीब 303.48 करोड़ रुपये लागत वाली यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

विधायक कोठारी ने बताया कि प्रस्तावित एलिवेटेड रोड अब 2.49 किलोमीटर लंबाई में बनाया जाएगा। पूर्व में यह



योजना रामधाम तक प्रस्तावित थी, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा रामधाम क्षेत्र में नए ओवरब्रिज की स्वीकृति मिलने के बाद योजना में संशोधन किया गया। परियोजना के तहत अजमेर चौराहा, सर्किट हाउस, गंगापुर तिराहा और वीर तेजा सर्कल पर प्रमुख जंक्शन विकसित किए जाएंगे। साथ ही गायत्री आश्रम से रामधाम तक फोरलेन सड़क और ग्रेड सेपरेटर का निर्माण भी किया जाएगा।

विधायक कोठारी ने बताया कि डीपीआर सितंबर 2026 तक तैयार होने की संभावना है, जिसके बाद तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां पूरी कर निर्माण



कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में मील का पत्थर साबित होगी।

# सोपुरा में कलशयात्रा के साथ पंच कुण्डीय विष्णु महायज्ञ शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के सोपुरा गांव में गुरुवार को तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव के तहत भव्य कलशयात्रा निकाली गई। इसके साथ ही पांच दिवसीय पंच कुण्डीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।

सुबह चामुंडा माताजी मंदिर से 251 महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे और भक्ति संगीत के साथ शोभायात्रा



निकाली। कलशयात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए तेजाजी चौक पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव स्थापना कर 35 जोड़ों ने पांच कुण्डों में आहुतियां दीं। आयोजन समिति ने बताया कि 25 मई को तेजाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापना होगी।

भीषण गर्मी को देखते हुए कलशयात्रा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए आगे-आगे टैंकर से पानी का छिड़काव भी किया गया।



QUICK BITES

## भाजपा जिला प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां युद्ध स्तर पर

23-24 मई को स्वस्तिधाम में जुटेगी जिला भाजपा, स्वच्छता व मेडिकल व्यवस्था पर विशेष फोकस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत 23 एवं 24 मई को जहाजपुर के स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। शिविर को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों के लिए विधानसभावार विशेष किट तैयार किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रतिभागियों को जूट बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें प्रशिक्षण सामग्री रखी गई है। साथ ही प्रतिभागियों एवं प्रबंधन टीम के लिए विशेष बेज भी तैयार किए गए हैं।

भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर 24 घंटे मेडिकल टीम तैनात रहेगी, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

शिविर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आवासीय कक्षों, प्रशिक्षण स्थल और भोजन व्यवस्था की साफ-सफाई के लिए अलग टीम बनाई गई है। वहीं पार्किंग, सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

शिविर की व्यवस्थाओं के लिए गठित संचालन समिति, प्रबंधन समिति और क्लस्टर प्रभारी 22 मई को ही शिविर स्थल पहुंचकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

## माण्डलगढ़ बार एसोसिएशन ने नवपदस्थापित न्यायिक मजिस्ट्रेट का अभिनन्दन किया

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़



माण्डलगढ़ न्यायालय में नव नियुक्त अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट व न्यायीक मजिस्ट्रेट ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके माण्डलगढ़ बार एसोसिएशन पदाधिकारियों व सदस्यों ने दोनों मजिस्ट्रेट का अभिनन्दन किया। माण्डलगढ़ के स्थानीय न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन की ओर से नवपदस्थापित एसीजेएम (ACJM) एवं जेएम (JM) का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष ओम प्रकाश पालीवाल व पदाधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने पुष्पहार सरपाव भेंट कर तथा शॉल ओढ़ा कर दोनों मजिस्ट्रेट का स्वागत किया और न्यायिक कार्यों के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सोलंकी ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय से आमजन को त्वरित व प्रभावी न्याय मिल सकता है। बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया मीणा ने कहा कि न्यायालय की गरिमा बनाए रखते हुए सभी अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने में सहयोग करें। बैठक में न्यायिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा पक्षकारों को समयबद्ध न्याय दिलाने को लेकर चर्चा की गई। मजिस्ट्रेट ने अधिवक्ताओं से सकारात्मक सुझाव भी आमंत्रित किए।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष ओम पालीवाल ने कहा कि अधिवक्ता सदैव न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और न्यायालय के कार्यों में हरसंभव सहयोग करेंगे।

इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश पालीवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधारी लाल आचार्य ,महेश सुखवाल, सत्यनारायण जीनगर, ऋतुराज सिंह राठौड़, देवेंद्र पोरवाल अनिल पारीक, सांवरमल रायका,राधेश्याम शर्मा, संजय खटीक, उदय लाल गुर्जर, ममता मीणा, शराफ़त खान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं ने भक्तों को किया भावविभोर

## पुरुषोत्तम मास में अधिक से अधिक धर्म लाभ लेकर जीवन सफल बनाए - महामंडलेश्वर जगदीश दास उदासीन

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।



सनातन सेवा समिति के तत्वावधान एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में अधिकमास के अवसर पर चल रहे सेवा-सुमिरन प्रकल्प एवं पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने व्यासपीठ से भगवान श्रीराम की मनमोहक बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान पूरा पांडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया।

महामंडलेश्वर जगदीश दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम की बाल लीलाएं मानव जीवन को संस्कार, मर्यादा और आदर्शों की प्रेरणा देती हैं। प्रभु श्रीराम बचपन से ही दिव्य गुणों से युक्त थे। उनकी बाल छवि, माता कौशल्या का वात्सल्य, गुरुजनों के प्रति सम्मान और सहज सरल स्वभाव सभी के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम माह अत्यंत पुण्यदायी अवसर है। मनुष्य का संपूर्ण जीवन केवल सांसारिक कार्यों में ही व्यतीत हो जाता है, जबकि यह दुर्लभ मानव जीवन सेवा, सुमिरन और साधना के लिए मिला है। इस पावन माह में अधिक से अधिक धर्म लाभ लेकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के नामकरण संस्कार का वर्णन करते हुए बताया कि महर्षि वशिष्ठ ने चारों भाइयों का नामकरण किया तथा आनंद के सागर होने के कारण प्रभु का नाम ‘राम’ रखा गया। बाल्यकाल में चारों भाइयों की किलकारियों, पैंजनियों की मधुर ध्वनि और राजा दशरथ के आंगन में उनकी मनोहारी बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महामंडलेश्वर ने काकभुशुंडि प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की दिव्यता को देखने स्वयं काकभुशुंडि जी कौवे का रूप धारण कर आए और प्रभु ने उन्हें अपने मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन कराए। उन्होंने बताया कि बालक राम अपने सखाओं के साथ खेलते हुए भी सभी के हृदय को आनंदित करते थे।

कथा में गुरु वशिष्ठ के आश्रम में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण सहित चारों भाइयों के गुरुकुल गमन, अल्पकाल में वेद-पुराण, नीति एवं धनुर्विद्या में पारंगत होने तथा प्रभु श्रीराम की आदर्श दिनचर्या का भी वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीराम प्रतिदिन प्रातः उठकर माता-पिता एवं गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आज्ञा लेते थे, जो आज के समाज के लिए महान प्रेरणा है। महामंडलेश्वर जगदीश दास ने कहा कि मनुष्य जीवन भी एक यज्ञ के समान है। जिस प्रकार बाल्यकाल में राम और लक्ष्मण ने ऋषि-मुनियों के यज्ञ की रक्षा कर उसे पूर्ण कराया, उसी प्रकार जीवन रूपी यज्ञ को भी बुरे विचार और विकार बाधित करते हैं। यदि जीवन में राम जैसा सत्य और लक्ष्मण जैसा समर्पण हो तो जीवन का यज्ञ निर्विघ्न पूर्ण हो जाता है।

## विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन 23 मई को गुलाबपुरा आएंगे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन 23 मई को गुलाबपुरा में आयोजित प्रांतीय बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि चित्तौड़ प्रांत का प्रांतीय बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण शिविर इन दिनों गुलाबपुरा में आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर का समापन कार्यक्रम 23 मई को गांधी विद्यालय, गुलाबपुरा में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान 15 जिलों से आए बजरंग दल कार्यकर्ता शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण का मैदान में प्रदर्शन करेंगे। समारोह में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

## संघशक्ति से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है श्रीराम कथा : पं. शिव लहरी गौतम

### बालाजी मंदिर शिखर पर विधि-विधान से चढ़ाया कलश, जयकारों से गूंजा कथा पंडाल

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला





श्रीराम कथा की सबसे बड़ी सीख यह है कि संघशक्ति के माध्यम से बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय संभव है। श्रीराम कथा हमें हर परिस्थिति में मर्यादित एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है। यह विचार कथा व्यास पंडित शिव लहरी गौतम ने काछोला स्थित बगीची के बालाजी गोल चबूतरे के पास आयोजित श्रीराम कथा के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि धर्म के साक्षात विग्रह भगवान श्रीराम और उनकी कथा मानव को मानव धर्म का मार्ग दिखाने वाली तथा समाज में मानवता की प्रतिष्ठा स्थापित करने वाली दिव्य चेतना है। वर्तमान समय में परिवारों को जोड़ने, मित्रता निभाने और संस्कारयुक्त जीवन जीने की प्रेरणा श्रीराम कथा से मिलती है।

कथा के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत मेवाड़ी परंपरा के अनुसार आयोजन समिति के श्री राम मंत्री, गोपाल, बजरंग मंत्री सहित अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। वहीं कथा व्यास पंडित शिव लहरी गौतम महाराज का श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

हनुमान भक्त श्री राम मंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम एवं वीर हनुमान के जयकारों के साथ बालाजी मंदिर शिखर पर कलश चढ़ाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर जयकारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी, ओमप्रकाश मुंद्रडा, रमेश चंद्र कास्ट, भगवान कास्ट, रामचंद्र लड्ढा, राधेश्याम मालू, सोहनलाल आचार्य, उमराव सिंह, गोपाल मालू, कन्हैयालाल धाकड़, भागचंद डागा, रमेश जेथलिया, जगदीश चंद्र बसेर, महावीर बसेर, अरुण कुमार दाखेड़ा, मांगी देवी मुंदड़ा, गीता देवी, निर्मला कास्ट, सुशीला, अनीता सोनी, सुनीता नारायणीवाल, मंजू मंत्री एवं वर्षा जेथलिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव एवं भगवान शंकर शर्मा ने किया।

कथा स्थल पर काछोला कस्बे सहित आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालु कथा श्रवण का आनंद ले रहे हैं।

## शाहपुरा में छलकेगा रोमांच का जोश! जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता 24 मई को, तरणताल में उतरेंगे 37 तैराक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी



नगर पालिका तरणताल शाहपुरा में 24 मई को पानी में रोमांच, रफ्तार और हुनर का जबरदस्त संगम देखने को मिलेगा। जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। प्रतियोगिता रविवार सुबह 7 बजे से शुरू होगी, जहां जिलेभर के तैराक अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगे।

आयोजन सचिव राकेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए अब तक 37 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें 26 पुरुष और 11 महिला तैराक शामिल हैं। प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी स्पीड, स्टैमिना और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। तरणताल परिसर में पूरे दिन खेल रोमांच का माहौल बना रहेगा।

इस प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इसी दिन भीलवाड़ा जिले की टीम का चयन भी किया जाएगा, जो आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 3 जून तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल व्यास सहित भीलवाड़ा जिला तैराकी संघ शाहपुरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्तिकेय व्यास भी मौजूद रहेंगे। उनके आगमन को लेकर खिलाड़ियों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

शाहपुरा का तरणताल अब खेल प्रतिभाओं की नई उड़ान का गवाह बनने जा रहा है, जहां पानी में उतरते ही युवा तैराक जीत की लहरें पैदा करते नजर आएंगे।

# राष्ट्रपति अवार्डी एडीपीसी कल्पना शर्मा का कारनामा

# सरकारी राजकोष को लगाई चपत


## एक समय में दो कार में एक साथ टूयूर किए एडीपीसी ने, एक में एडीपीसी शर्मा थी तो दूसरी में कौन


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।


**डॉ. चेतन ठठेरा**


आपने कभी यह नहीं सुना होगा कि कोई एक सरकारी अधिकारी एक ही समय अवधि में दो सरकारी वाहन का एक साथ उपयोग किया हो या करता हो और यही नहीं एक ही रूट में किलोमीटर अलग-अलग आपने सुना नहीं होंगे लेकिन यह कारनामा कर दिखाया है भीलवाड़ा में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा (एडीपीसी ) राष्ट्रपति अवार्डी डॉ.श्रीमती कल्पना शर्मा ने।


अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में नियमानुसार दो सरकारी वाहन अनुबंध पर लगे हुए हैं। जिनमें एक वाहन संख्या है आर जे 06/टीए 2776 और दूसरा वाहन है वाहन संख्या आरजे 51/टीए 1069 । इनमें वाहन संख्या आरजे-51/टीए 1069 विभाग के तकनीकी शाखा में तकनीकी अधिकारियों के लिए है। और दूसरा वाहन एडीपीसी के उपयोग के लिए है। राष्ट्रपति अवार्डी एडीपीसी डॉ.कल्पना शर्मा दोनों ही वाहनो का उपयोग करती है। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ली गई सूचना से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि एडीपीसी श्रीमती शर्मा ने दोनों सरकारी वाहनों का उपयोग अनेक बार एक ही समय में एक साथ करना लॉक बुक में दर्शाया गया है यही नहीं एक की रुट पर किलो मीटर भी दोनों वाहनों में अलग-अलग है तथा लॉग बुक में अधिकारियों के हस्ताक्षर वाले कॉलम में एडीपीसी डॉ.श्रीमती शर्मा ने हस्ताक्षर करके वापस कटिंग कर और ओवरराइटिंग की है जो उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को इंगित करती है ?







**एडीपीसी कार्यालय में प्रयुक्त सरकारी दोनो गाड़ियों का विवरण कैसे हुआ दुरुपयोग देखें**

गाड़ी संख्या आरजे-51/ टीए1069
18/9/25 समय 7.20 बजे सवेरे रवाना वापसी शाम 7.41 बजे, समसा ऑफिस भीलवाड़ा से शाहपुरा जहाजपुर 202 किलोमीटर एडीपीसी डॉ. श्रीमती शर्मा ने की यात्रा

गाड़ी संख्या आर जे 06 टीए 2776
18/9/2025 सवेरे 6:45 पर रवाना वापसी 7:00 बजे शाम को, समसा ऑफिस भीलवाड़ा से फुलिया कला महात्मा गांधी स्कूल 173 किलोमीटर, एडीपीसी डॉ. श्रीमती शर्मा ने की यात्रा

(यहां गौर करने वाली बात है कि एक ही समय में एडीपीसी शर्मा दोनों वाहनों का उपयोग कर रही है और अलग-अलग मार्ग पर यात्रा करना बताया गया है।)

26/9/25 गाड़ी संख्या आरजे-51/टीए 1069 सवेरे 9:30 पर रवानगी समसा कार्यालय से सुभाष नगर और कलेक्ट्री नगर परिषद वापस समसा कार्यालय शाम 6:00 बजे वापसी 23 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा।

26/9/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 9:00 बजे रवाना, समसा कार्यालय से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय और कलेक्ट्री से
समसा कार्यालय वापसी शाम 6:15 पर 35 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा।

(यहां गौर करने वाली बात है कि एक ही समय में एडीपीसी शर्मा दोनों वाहनों का उपयोग कर रही है और अलग-अलग मार्ग पर यात्रा करना बताया गया है।)

1/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51टीए1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और वापसी समसा कार्यालय शाम 6:30 बजे 12 किलोमीटर की यात्रा एडीपीसी डॉ.शर्मा ने की यात्रा लाक बुक पर हस्ताक्षर किए फिर एडीपीसी में हस्ताक्षर काटे अर्थात ओवरराइटिंग की मामला गड़बड़

1/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 9:00 रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और शाम वापसी समसा कार्यालय 6:15 बजे 21 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा।

( दोनों ही समसा ऑफिस की गाड़ियां इस दिन समसा ऑफिस से कलेक्ट्री और कलेक्ट्री से वापस समसा ऑफिस आई। एक गाड़ी में 12 किलोमीटर की यात्रा है और दूसरी गाड़ी में 21 किलोमीटर की यात्रा है। 9 किलोमीटर की यात्रा का अंतर है। एक ही दिन में एक ही रोड पर किलोमीटर बदल गए मामला गड़बड़)

3/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51-1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय मांडल माली खेड़ा समेलिया और शाम 6:30 बजे वापसी समसा कार्यालय 48 किलोमीटर यात्रा । एडीपीसी डॉ शर्मा ने की यात्रा और लॉग बुक में किए हस्ताक्षर लेकिन फिर हस्ताक्षर काटे ओवरराइटिंग मामला गड़बड़

3/10/26 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 7:00 बजे रवाना समसा कार्यालय से जोरावरपुरा रायपुर वापसी समसा कार्यालय शाम 7:15 बजे 194 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

7/10/25 आरजे 06/2776 सवेरे 9:15 बजे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और शाम वापसी कलेक्ट्री से समस्त कार्यालय 6:30 बजे 17 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

7/10/25 गाड़ी संख्या 51/1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और कलेक्ट्री से वापस समसा कार्यालय शाम 6:30 बजे 12 किलोमीटर यात्रा एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा लेकिन बाद में हस्ताक्षर काटे की ओवरराइटिंग मामला गड़बड़ ( यहां भी गौर करने वाली बात है दोनों गाड़ियां समसा कार्यालय से कलेक्ट्री गई एक की रूट लेकिन एक में 17 किलोमीटर और दूसरे में 12 किलोमीटर बताया गया है 5 किलोमीटर की यात्रा का फर्क है यह भी मामला गड़बड़

8/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51/1069 9:30 बजे सवेरे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय कार्यालय शाम 6:15 वापसी समसा कार्यालय 18 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा लेकिन हस्ताक्षर काटे की ओवरराइटिंग मामला गड़बड़

8/10/25 गाड़ी संख्या आरजे86/2726 प्रातः 7:00 रवाना समसा कार्यालय से लक्ष्मीपुरा गणेशपुरा करेड़ा वापसी शाम 7:15 बजे समसा कार्यालय 162 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

9/10/25 गाड़ी संख्या 51/1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय से दाथल,सुवाणा और शाम 6:30 बजे वापसी समसा कार्यालय 45 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

9/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06 /2776 सवेरे 8:00 रवाना समसा कार्यालय पीएम श्री स्कूल मांडल समेलिया वापसी श्याम 6:00 बजे समसा कार्यालय 75 किलोमीटर यात्रा एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

10/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51/1069 रवाना समसा कार्यालय से एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा (यहां आरटीआई की सूचना में दिए दस्तावेजों में 10 तारीख का यह पेज नीचे से काट दिया गया और फिर अटेस्टेड प्रतिदिन मतलब अमला गड़बड़ है इसलिए काटा गया)

10/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 7:00 रवाना समसा कार्यालय से सोडास, खातीपुरा ,करेड़ा और शाम 7:15 बजे वापसी समसा कार्यालय 107 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

21/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51/1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और कलेक्ट्री से वापसी शाम 6:30 बजे समसा कार्यालय 12 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा और लॉग में किए हस्ताक्षर और बाद में हस्ताक्षर काटे ओवराइटिंग की मामला गड़बड़

21/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 9:15 बजे रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और कलेक्ट्री से शाम 6:30 बजे वापसी समसा कार्यालय 19 किलोमीटर यात्रा एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा( यहां भी गौर करने वाली बात है दोनों गाड़ियां समसा कार्यालय से कलेक्ट्री गई एक ही रूट लेकिन एक में 12 किलोमीटर और दूसरे में 19 किलोमीटर की यात्रा बताई गई है मामला गड़बड़ है)

24/10/26 गाड़ी संख्या आरजे- 51/1069 सवेरे 9:30 समसा कार्यालय से रवाना कलेक्ट्री और कलेक्ट्री से वापसी शाम 6:30 बजे समसा कार्यालय 8 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

24/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 9:10 पर रवाना समसा कार्यालय से कलेक्ट्री और शाम 6:20 पर कलेक्ट्री से वापसी समसा कार्यालय 16 किलोमीटर यात्रा एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा( यहां भी गौर करने वाली बात है दोनों गाड़ियां समसा कार्यालय से कलेक्ट्री गई एक की रुट लेकिन एक में 8 किलोमीटर यात्रा बताई गई और दूसरी गाड़ी में 16 किलोमीटर की यात्रा बताई गई अर्थात एक ही रोड पर 8 किलोमीटर का अंतर मामला गड़बड़ और दोनों ही गाड़ियां एडीपीसी में इस्तेमाल की क्या एक समय में एक अधिकारी और एक ही जगह पर जाने के लिए दो गाड़ियां इस्तेमाल कर सकता है अगर एक में एडीपीसी थी तो दूसरे में कौन था)

27/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51/1069 सवेरे 9:30 बजे रवाना समसा कार्यालय से मंडपिया देवली भैंसाकुंडल और पुर वापसी शाम 6:30 बजे समसा कार्यालय 80 किलोमीटर यात्रा। एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा और लॉग बुक में किए हस्ताक्षर लेकिन वापस हस्ताक्षर काटे ओवराइटिंग की मामला गड़बड़

27/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 7:15 बजे रवाना समसा कार्यालय से अमरपुरा करेड़ा और शाम 7:30 बजे वापसी समसा कार्यालय 138 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा

29/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 51/1069 सवेरे 9:30 बजे समसा कार्यालय से रवाना मांडल,दौलतगढ़, आटूण और शाम 6:30 बजे वापसी समसा कार्यालय 165 किलोमीटर यात्रा एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा लॉग बुक में किए हस्ताक्षर लेकिन हस्ताक्षर काटे की ओवरराइटिंग मामला गड़बड़

29/10/25 गाड़ी संख्या आरजे 06/2776 सवेरे 9:00 समसा कार्यालय से रवाना केजीवी मंगरोप और शाम 6:15 बजे वापसी समसा कार्यालय 48 किलोमीटर एडीपीसी शर्मा ने की यात्रा।

**क्या है नियम**

किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग केवल ऑफिस से सरकारी कार्य जिले में जाने के लिए ही उपयोग किया जा सकता है। व्यक्तिगत रूप से ऑफिस से घर और घर से ऑफिस आने-जाने के लिए पान का उपयोग करना नियम के विरुद्ध है।? एडीपीसी श्रीमती शर्मा प्रतिदिन सरकारी वाहन का उपयोग घर से आने और घर जाने के लिए भी करती है। जबकि नियमों में यह है कि सरकारी वाहन का उपयोग कोई अधिकारी करने जाने के लिए करता है तो उसके वेतन से नियम अनुसार कटौती करना जरूरी होता है।

**हो सकता है बड़ा खुलासा**

सूचना के अधिकार के तहत दोनों सरकारी वाहन की ली गई लॉग बुक लिए आंकड़ा केवल डेढ़ महीने का है अगर पूरे साल कि लॉक बुक का बारीकी से निरीक्षण किया जाए तो सरकारी गाड़ी का बड़ा दुरुपयोग और बड़े राजस्व की चपत का खुलासा हो सकता है।

**इनका कहना है**

- ऐसा संभव नहीं है अगर ऐसा किया है तो गलत है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए

**डॉ.महावीर शर्मा**
**संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा संभाग अजमेर**

- मेरी जानकारी में नहीं है मुझे इतना पता है कि इस नए वित्तीय वर्ष में दो वाहनों के टेंडर हुए थे जिसमें एक वाहन मेरा अर्थात( मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय) के लिए और दूसरा वाहन एडीपीसी कार्यालय के लिए था। तीसरा वाहन का टेंडर नहीं हुआ था। आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है अगर ऐसा किया गया है तो बिल्कुल गलत है नियम के खिलाफ है मैं इसे लिखवाती हूं।

**अरूणा गारू**
**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदने जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान भीलवाड़ा**

QUICK BITES

## रावत खेड़ा में धरती आबा जनभागीदारी शिविर आयोजित, योजनाओं का लाभ लेने उमड़े ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



ग्राम पंचायत रावत खेड़ा में गुरुवार को धरती आबा जनभागीदारी शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। शिविर के दौरान प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कई कार्यों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की।

शिविर में प्रशासक हरिन देवी मीणा ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम हैं, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा जागरूक रहने की अपील की शिविर के दौरान राजस्व, पंचायत, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित अनेक कार्य किए गए। ग्रामीणों ने पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, मनरेगा, स्वास्थ्य जांच, पशु चिकित्सा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया गया।


ग्रामीणों ने शिविर को जनहितकारी बताते हुए प्रशासन की इस पहल की सराहना की

शिविर में सहायक विकास अधिकारी रामनारायण मीणा, प्रशासक हरिन देवी मीणा ,ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार मीना , एएनएम रावत खेड़ा ,जालमपुरा आशा सहयोगिनी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नवग्रह आश्रम की बढ़ती पहचान! सांसद से लेकर पुलिस अफसरों तक पहुंची आयुर्वेद की गूंज

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



श्री नवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज चौधरी ने भीलवाड़ा के लोकप्रिय सांसद दामोदर अग्रवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर आत्मीय चर्चा की। मुलाकात के दौरान सामाजिक सरोकार, आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर चौधरी ने अपनी चर्चित पुस्तक 'Cancer Through Ayurvedic Lens' सांसद को भेंट कर आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और स्वास्थ्य चेतना को लेकर अपनी सोच साझा की।

हंसराज चौधरी ने कहा कि सांसद दामोदर अग्रवाल का स्नेह, मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शब्द हमेशा नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान राजस्थान के राज्यपाल के प्रस्तावित नवग्रह आश्रम दौरे को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिससे आश्रम की गतिविधियों को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

इसी क्रम में चौधरी ने भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन से भी मुलाकात कर अपनी पुस्तक 'Cancer Through Ayurvedic Lens' भेंट की। इस दौरान आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता, जनकल्याण और समाज में सकारात्मक स्वास्थ्य संदेश पहुंचाने को लेकर सार्थक संवाद हुआ। नवग्रह आश्रम द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रयास अब जिले में चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं। आयुर्वेद के माध्यम से जनसेवा की यह पहल लोगों के बीच तेजी से पहचान बना रही है।

## चलती एंबुलेंस बनी प्रसूति कक्ष, 108 कर्मियों की सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

**परमेश्वर**




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा से एक गर्भवती महिला को रेफर किए जाने पर कॉल सेंटर जयपुर द्वारा 108 एंबुलेंस कर्मियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस के पायलट प्रकाश चंद्र कुमावत गर्भवती महिला और उनके परिजनों को लेकर महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा के लिए रवाना हुए। रास्ते में अचानक गर्भवती महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति ऐसी बन गई कि एंबुलेंस में ही डिलीवरी करवानी पड़ी। इस दौरान पायलट प्रकाश चंद्र ने सूझबूझ दिखाते हुए एंबुलेंस को बिना रोके सायरन के साथ तेजी से अस्पताल की ओर बढ़ाया, वहीं ईएमटी एहसान अली ने चलती एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया।

जब महिला को बनेड़ा अस्पताल से रवाना किया गया था, तब परिजनों के चेहरे पर चिंता और डर साफ नजर आ रहा था, लेकिन एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और समझदारी से सुरक्षित प्रसव होने के बाद एंबुलेंस में नवजात की किलकारी गूंज उठी और परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

ईएमटी एहसान अली और पायलट प्रकाश चंद्र कुमावत ने इस दौरान दाई की भूमिका निभाते हुए मानवता और सेवा का अनूठा उदाहरण पेश किया। परिजनों ने कर्मचारियों को 'भगवान का दूसरा रूप' बताते हुए उनका आभार जताया और दुआएं दीं।

सुरक्षित प्रसव के बाद ईएमटी एहसान अली ने नवजात की नाल काटी तथा जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित हालत में पायलट प्रकाश चंद्र के सहयोग से जिला अस्पताल भीलवाड़ा पहुंचाया गया, जहां दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

## आगूचा में श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा महोत्सव शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।

कस्बे में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री नानी बाई का मायरा महोत्सव श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में शुरू हुआ। कार्यक्रम 21 मई से 28 मई तक सामुदायिक भवन, बस स्टैंड आगूचा में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा चारभुजा नाथ मंदिर से बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ रवाना हुई, जो सदर बाजार होते हुए कथा स्थल सामुदायिक भवन पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वृंदावन धाम के कथा प्रवक्ता आचार्य श्री राजकृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है तथा पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। वहीं श्री नानी बाई का मायरा कार्यक्रम 25 मई से 27 मई तक प्रतिदिन रात्रि 8:15 बजे से चारभुजा नाथ मंदिर, सदर बाजार में आयोजित होगा। इसका वाचन पंडित श्री नारायण रामानुज शास्त्री करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन रामचंद्र, दिनेश कुमार पंडित, पवन कुमार शास्त्री एवं राधेश्याम उपाध्याय द्वारा उनके पिता स्वर्गीय बालूराम उपाध्याय की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।